## एक नजर में

### नर्मदा लाइन के अधूरे कार्य को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**महू.** नगर में नर्मदा पाइप लाइन रिपेयरिंग के अधूरे कार्य से परेशान नागरिकों ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा. संस्था प्रज्ञा सागर प्रबुद्ध संघ के प्रदीप दुबे एवं जगमोहन ने प्रशासन को बताया कि शहर के प्रमुख चौराहों श्याम विलास, पेट्रोल पंप, कलाली एवं मोहन टॉकीज चौराहे पर पाइप लाइन मरम्मत कार्य लंबे समय से अधूरा पड़ा हुआ है. उन्होंने बताया कि अधूरे कार्य के कारण पाइपलाइन लीकेज हो रही है, जिससे पानी की बर्बादी हो रही है. वहीं सड़कें खराब होने से यातायात भी प्रभावित हो रहा है. धूल उड़ने से आसपास का वातावरण प्रदूषित बना रहता है, जिससे आम नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. संस्था पदाधिकारियों ने प्रशासन से मांग की कि वर्षों से लंबित पड़े मरम्मत कार्य को शीघ्र पूर्ण कराया जाए, ताकि नागरिकों को राहत मिल सके. उन्होंने यह भी बताया कि पोस्ट आफिस रोड ब. न. 114 के पास नर्मदा पाईप लाईन एक साल से अधिक समय से फूटी हुई है. गड्ढे में पानी भरता है और दूषित जल पाईप लाईन में भी जाता है. जबकि सुधार कार्य के नाम पर लाखों रुपए का भुगतान किया गया है. यह नर्मदा जल वितरण विभाग के रिकार्ड पर दर्ज है. आज भी रोज लगातार इतना पानी नालियों में बह रहा है, जिससे महू केंटोनमेंट क्षेत्र की गरीब और निचली बस्तियों को जल आपूर्ति हो सकती है. जल वितरण व्यवस्था में सुधार नहीं किया जा रहा है.



### ग्राम कोदरिया में 17 मई से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

**महू.** कोदरिया स्थित कोल्ड स्टोर प्रांगण में अधिक मास के शुभ एवं पुण्यमयी अवसर पर 17 मई से भव्य श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन रखा गया है. यह जानकारी कथा के मुख्य यजमान पंडित हर्ष शर्मा ने दी. उन्होंने बताया कि कथा के पूर्व 16 मई को शाम 4 बजे से भव्य शोभायात्रा हनुमान मंदिर कोदरिया से निकाली जायेगी. कथा 17 से 23 मई तक होगी, जो प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से होगी. मालव माटी के सुप्रसिद्ध कथा व्यास पं. विपुल महाराज बड़गोंदा वाले कथा श्रवण कराएंगे. गर्मी के मौसम को देखते हुए यजमान परिवार द्वारा विशेष व्यवस्था की गई है. कथा में नित प्रसंगानुसार झांकियों के दर्शन भी श्रद्धालु कर सकेंगे. यजमान परिवार ने समस्त भक्तों से कथा सुनने एवं धर्मलाभ लेने का आग्रह किया है.



### जनगणना प्रगणक और सुपरवाइजरों को किया सम्मानित



**महू.** नगरपालिका पीथमपुर द्वारा जनगणना 2026-27 में मकान सूचीकरण का कार्य 257 प्रगणक एवं 43 सुपरवाईजरों द्वारा किया जा रहा है. जिसमें से 57 प्रगणकों को अपना कार्य समय से पूर्व पूर्ण करने पर चार्ज अधिकारी निशिकान्त शुक्ला, अध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेश पटेल, पार्षद प्रेम पाटीदार, पार्षद प्रतिनिधि लालू शर्मा, सहायक यंत्री मीरा कन्नोज एवं कार्यालय अधीक्षक विजय कुमार अहीर द्वारा सम्मानित किया गया एवं बधाई दी गई. चार्ज अधिकारी निशिकान्त शुक्ला द्वारा कार्य से शेष बचे प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों को निर्देशित किया गया कि वे अगले दो दिवसों में अपना कार्य पूर्ण कर, कार्य पूर्णता का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें.





# वेतन नहीं मिलने पर आशा-उषा कार्यकर्ताओं की हड़ताल

**धार।** धार जिले के सभी विकासखण्ड के आशा उषा कार्यकर्ता आशा पर्यवेक्षको को 3 माह से वेतन नहीं मिलने पर पूरे धार जिले के सभी ब्लॉक में आशा कार्यकर्ता ने शुक्रवार से काम बंद कर दिया और अनिश्चितकालीन हड़ताल पर उतर गए हैं।

सभी का कहना है कि घर परिवार की स्थिति खराब है, घर-परिवार चलाना मुश्किल हो रहा है। इस सम्बन्ध में वेतन लम्बे समय से नहीं मिलने को लेकर 8 मई को आशा उषा सहयोगी संगठन की जिलाध्यक्ष संगीता मारु मोयाखेड़ा के नेतृत्व में जिला मुख्यालय पर कलेक्टर और सीएमएचओ मुख्यालय पर ज्ञापन भी दिया गया। चर्चाकर बताया भी गया था कि 14 मई तक वेतन नहीं निकलता है तो जिले के सभी ब्लॉक स्तर पर 15 मई से जिले के समस्त आशा कार्यकर्ता ,उषा आशा पर्यवेक्षक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर उतरेंगे।



आशा उषा आशा पर्यवेक्षक संगठन के इंदौर संभागीय अध्यक्ष शंकरलाल मारु ने बताया कि वेतन की मांग को लेकर धार जिले के सभी ब्लॉक में कहां पर मेडिकल ऑफिसर तो कहीं पर बी पीएम, बीसीएम इनको ज्ञापन दिया गया है। शुक्रवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर उतरने सम्बन्धित ज्ञापन सौंपा गया।

> मध्य प्रदेश आशा उषा आशा पर्यवेक्षक संगठन के इंदौर संभागी अध्यक्ष शंकरलाल मारु मोयाखेड़ा ने बताया कि जिले के अधिकारियों से कभी पूछो तो बताते नहीं है पेमेंट। काम के लिए जिले और ब्लॉक के अधिकारी कार्यकर्ता को हटाने की धमकी देते हैं। हटाने की पैसों का उनका कोई मतलब नहीं की इन कार्यकर्ता को पैसा मिल रहा है या नहीं मिल रहा है जिले के और ब्लॉक के आला अधिकारी को तो बस सिर्फ काम पैसा मिले या ना मिले उनको कोई मतलब नहीं ऐसी स्थिति में कार्यकर्ता को परिवार घर चलाने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है अब जब तक पूरा पैसा नहीं मिलेगा तब तक पूरे धार जिले में काम बंद और अनिश्चितकालीन हड़ताल रहेगी।

# प्रशिक्षण वर्ग को लेकर कार्यकर्ताओं की बैठक

**भाजपा धार ग्रामीण जिले का दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग होगा 20 और 21 मई को कुक्षी में**



**कुक्षी।** भारतीय जनता पार्टी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के तहत भाजपा धार ग्रामीण जिले का दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग 20 और 21 मई को कुक्षी में वृंदावन गार्डन होगा। कार्यक्रम में संगठन की मजबूती, वैचारिक प्रशिक्षण, अनुशासन पर खास ध्यान रहेगा।

जिला प्रशिक्षण कार्यक्रम को लेकर प्रशिक्षण स्थल कुक्षी में व्यवस्थापक कार्यकर्ताओं के साथ बैठक आयोजित की। बैठक का भाजपा धार ग्रामीण जिलाध्यक्ष चंचल पाटीदार ने बैठक में संबोधित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम की व्यवस्थाओं, कार्य विभाजन एवं आयोजन की रूपरेखा को लेकर विस्तार से चर्चा में कहा कि भाजपा समय-समय पर प्रशिक्षण वर्गों से कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा, इतिहास, कार्यपद्धति से जोड़ती रही है।

पहले चरण में जिले के 21 मंडलों में प्रशिक्षण वर्ग सफलतापूर्वक हो चुके हैं। अब दूसरे चरण में जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग कराया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यकर्ताओं को संगठन के प्रति समर्पित, सक्षम बनाता है। वर्ग में अलग-अलग विषयों पर वक्ता अपेक्षित कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करेंगे ।विभिन्न प्रकार की व्यवस्था प्रभारी बनाएं जिसमें प्रमुख रूप से डिजिटल पंजीयन मीडिया विभाग प्रदर्शनी सभा मंच व्यवस्था साज सज्जा यातायात पार्किंग भोजन व्यवस्था मोबाइल पार्किंग समेत सभी प्रकार की व्यवस्थाएं की टोली प्रभारी बनाए गए हैं।भाजपा धार ग्रामीण जिला मीडिया प्रभारी विजय राठौर ने बताया कि जिले के चार मनावर, कुक्षी, गधवानी और धरमपुरी विधानसभा क्षेत्र के 21 मंडलों से 180 से अधिक अपेक्षित भाजपा पदाधिकारी प्रशिक्षण वर्ग में भाग लेंगे.. अलग-अलग क्षेत्र में कार्यकर्ताओं को बूथ प्रबंधक और संगठन बिस्तर पर चर्चा होगी इस अवसर पर बैठक का संचालन प्रशिक्षण जिला सह सयोजक ओ पी पाटीदार ने किया व आभार भाजपा जिला महामंत्री महेंद्र मेरती ने किया. इस बैठक में जिला कार्यकारिणी सदस्य मंडल अध्यक्ष व अपेक्षित सदस्य उपस्थित रहे

# राकेश चौहान भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष नियुक्त

**धार। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्री भगवान सिंह परमार द्वारा धार जिले के लिए राकेश चौहान को भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वर्तमान में राकेश चौहान भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य है।**

राकेश चौहान अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष नियुक्त होने पर भाजपा जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती भाजपा जिला महामंत्री राकेश पटेल देवेंद्र सोनोने सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने बधाई दी। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने दी।



# कुएं में डूबने के 5 प्रकरणों में आर्थिक सहायता स्वीकृत

**धार। धार जिले में कुएं में डूबने के कारण हुई जनहानि के मामलों में शासन द्वारा आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। तहसीलदार कुक्षी द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के प्रावधानों के तहत कुल 5 प्रकरणों में 20 लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है।**

जानकारी अनुसार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कुक्षी के आदेश के अनुपालन में जारी आदेश के अनुसार, ग्राम बड़कच्छ निवासी शालु पिता गुमान की मृत्यु होने पर उनकी वारिसदार माता श्रीमती अंगूरीबाई को 4 लाख रुपये की सहायता दी गई है। इसी प्रकार, ग्राम घोर निवासी आयुष पिता भुरसिंह की मृत्यु पर उनकी माता श्रीमती शरमा, ग्राम कोलगांव निवासी लक्ष्मण पिता रवजी की मृत्यु पर उनकी माता श्रीमती जमनाबाई, ग्राम आलोदा निवासी सखराम पिता पोटु की मृत्यु होने पर उनकी पत्नी श्रीमती कालीबाई तथा ग्राम धोगधड़ी निवासी लालबाई पति सोमला की मृत्यु पर उनके पति श्री सोमला को 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।

तहसीलदार ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि समस्त हितग्राहियों को स्वीकृत सहायता राशि का भुगतान तत्काल सुनिश्चित किया जाए।

# घोड़ा चौपाटी से शहीद चौक तक हटाए कब्जे

**17 किलो सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त, नगर पालिका की बड़ी कार्रवाई**

**धार।** शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने और स्वच्छता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गुरुवार को मुख्य नगर पालिका अधिकारी कुंवर विश्वनाथ सिंह के नेतृत्व में अतिक्रमण विरोधी मुहिम चलाई गई। यह कार्यवाही शहर के मुख्य चौराहे घोड़ा चौपाटी से प्रारंभ होकर आदर्श रोड होते हुए शहीद चौक पर संपन्न हुई।

लगभग डेढ़ घंटे तक चली इस सघन कार्यवाही के दौरान मुख्य मार्गों पर पथ विक्रेताओं द्वारा फुटपाथ से आगे सड़क पर लगाई गई दुकानों को पीछे करवाया गया। मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री सिंह ने दुकानदारों को सख्त हिदायत दी कि वे अपनी सीमा में ही व्यवसाय करें ताकि आवागमन में बाधा न हो। साथ ही, मार्ग पर गंदगी फैलाने वाले विक्रेताओं को समझाइश दी गई और भविष्य में चालानी कार्यवाही की चेतावनी भी दी गई। अभियान के दौरान प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध भी कड़ा रुख अपनाया गया। विभिन्न दुकानों और विक्रेताओं से कुल 17 किलो पॉलिथीन जब्त की गई। नगर पालिका प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए ऐसी कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। इस पूरी मुहिम के दौरान नगर पालिका का अमला मुख्य रूप से मौजूद रहा। पुलिस और सुरक्षा बल भी तैनात रहा।






# जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत, कारण अज्ञात


**इलाज के दौरान एमवाय अस्पताल में तोड़ा दम**

**इंदौर. भंवरकुआ क्षेत्र निवासी 35 वर्षीय युवक की जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई. इलाज के दौरान एमवाय अस्पताल में बुधवार सुबह उसकी मौत हो गई. पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है.**

मृतक का नाम विशाल गेहलोद उम्र 35 साल निवासी एकता नगर है. जानकारी के अनुसार 11 मई की रात करीब 11 बजे उसने अपने घर पर अज्ञात जहरीली वस्तु खा ली थी. हालत बिगड़ने पर उसका दोस्त आशीष शर्मा उसे रात 11.38 बजे एम.वाय. अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां उसका इलाज चल रहा था. इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. अस्पताल प्रबंधन की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चुरी में रखवाया है. पुलिस के अनुसार मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगा. फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है.

# एटीएम के बाहर युवक से 5 हजार रुपए की ठगी

**इंदौर.** शहर के पलासिया थाना क्षेत्र में एटीएम के बाहर एक युवक से ठगी का मामला सामने आया है. आरोपी ने मदद के बहाने युवक से 5 हजार रुपए नकद लिए और बदले में मोबाइल पर फर्जी ऑनलाइन ट्रांजेक्शन दिखाकर अपने एक साथी के साथ बाइक पर फरार हो गया. पूरी घटना पास की दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई है. पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान करने में जुटी है.



# संपत्ति विवाद में बेटे ने पिता पर किया जानलेवा हमला

**हिस्सा नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी**

**इंदौर. सिमरोल थाना क्षेत्र के ग्राम गाजिन्दा में संपत्ति विवाद के चलते बेटे द्वारा पिता पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है. मकान में हिस्सा नहीं मिलने से नाराज बेटे ने बांस के डंडे से पिता को पीटकर घायल कर दिया.**

फरियादी खुमानसिंह वास्कले उम्र 50 साल निवासी ग्राम गाजिन्दा ने थाने पहुंचकर अपने बेटे अनिल उर्फ कालू के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है. खुमानसिंह ने बताया कि आरोपी बेटा घर में बिना वजह गाली गलौज कर रहा था. समझाने पर वह भड़क गया और विवाद करने लगा. आरोप है कि इसी दौरान अनिल ने पास में रखा बांस का डंडा उठाकर पिता पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया. हमले में खुमानसिंह के सिर और पीठ पर गंभीर चोटें आई हैं.

मारपीट के दौरान आरोपी धमकी दे रहा था कि यदि उसे कच्चे मकान का पूरा हिस्सा नहीं दिया गया तो वह पिता को जान से मार देगा. शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बीच बचाव किया, जिसके बाद आरोपी वहां से फरार हो गया. पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है.

## एक नजर में

**100 दिवसीय विशेष टीबी कैंपेन के अंतर्गत किया गया एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम**

# टीबी मुक्त अभियानः 200 मरीजों को बांटा पोषण आहार

**धार।** प्रधानमंत्री के टीबी मुक्त भारत अभियान को गति देने के उद्देश्य से, धार जिले में चलाए जा रहे 100 दिवसीय विशेष टीबी कैंपेन के अंतर्गत आज एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला कलेक्टर राजीव रंजन मीना के निर्देशानुसार जिला क्षय अधिकारी डॉ. संजय जोशी के कुशल मार्गदर्शन और समन्वय से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पीथमपुर पर टीबी रोगियों की सहायता के लिए कदम बढाए गए।

कार्यक्रम के माध्यम से क्षेत्र के लगभग 200 टीबी मरीजों को विशेष पोषण आहार किट का वितरण किया गया। इस मानवीय पहल में लुपिन ह्यूमन वेलफेयर एंड रिसर्च फाउंडेशन, पीथमपुर ने सक्रिय भूमिका निभाते हुए सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत सहयोग प्रदान किया। पोषण आहार वितरण का यह कार्य प्रभारी मेडिकल ऑफिसर डॉ. केशव प्रसाद एवं लुपिन फाउंडेशन के सीएसआर प्रमुख श्री अनूप देशमुख की उपस्थिति में संपन्न हुआ। वितरण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारियों ने टीबी के इलाज में पोषण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि दवाओं के साथ-साथ सही खान-पान मरीज के जल्द स्वस्थ होने के लिए अनिवार्य है।





लुपिन फाउंडेशन द्वारा प्रदान की गई इस सहायता की सराहना करते हुए अधिकारियों ने इसे निक्षय मित्र पहल की दिशा में एक ब?ा कदम बताया, जिससे मरीजों को बीमारी से लड़ने में संबल मिलेगा। इस अवसर पर सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर दिनेश डोड ने उपस्थित मरीजों और उनके परिजनों को टीबी के उपचार के संबंध में विस्तृत तकनीकी जानकारी दी।

उन्होंने मरीजों को हिदायत दी कि उपचार के दौरान किसी भी स्थिति में दवाएं बीच में न छो?ें और डॉक्टर द्वारा बताए गए पूर्ण कोर्स का पालन करें। साथ ही, उन्होंने बीमारी के प्रसार को रोकने के लिए आवश्यक सावधानियों, जैसे खांसते समय रूमाल का उपयोग और व्यक्तिगत स्वच्छता के बारे में भी विस्तार से समझाया। कार्यक्रम का उद्देश्य जिले को टीबी मुक्त बनाने के संकल्प को दोहराना और जन-भागीदारी के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करना रहा।